...की ... सं0 और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
1	2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमण्डल पदाधिकारी,राजमहल।

पी0ए0 वाद सं0– 03/2019–20

आवेदक– चन्दो मरांडी

बनाम

16 आना रैयत, मौजा– बरमसिया

आदेश

19.7.19

आवेदिका द्वारा दिनांक 09.04.19 को आवेदन दाखिल कर मौजा बरमसिया के रिक्त प्रधानी पद पर नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। दाखिल आवेदन पत्र की जाँच हेतु अंचल अधिकारी, तालझारी को आवेदन पत्र की छाया प्रति भेजी गयी एवं 16 आना रैयतों से अनापत्ति आमंत्रित हेतु को विधिवत नोटिस निर्गत किया गया।

नोटिस तामिला प्राप्ति के पश्चात आवेदिका ने आवेदन समर्पित कर मौजा के पूर्व बहाल प्रधान निमाई मुर्मू का निधन दिनांक 02.11.2018 को होने पश्चात आवेदिका चन्दो मरांडी ने अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल को आवेदन देकर प्रधानी पद पर नियुक्ति हेतु अनुरोध किये है। आवेदिका चन्दो मरांडी, पूर्व प्रधान निमाई मुर्मू की पत्नी हैं तथा पूर्व प्रधान के मृत्यू के उपरांत कार्यवाहक प्रधान के रूप में कार्य कर रही है। मौजा के 16 आना रैयतों को भी आवेदिका के प्रधान पद पर नियुक्ति से कोई आपत्ति नहीं है।

अंचल अधिकारी, तालझारी ने अपने पत्रांक 340/रा0, दिनांक 24.05.2019 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त। अंचल अधिकारी ने अपने जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किये हैं कि आवेदिका चन्दो मरांडी, पति– स्व0 निमाई मुर्मू, सा0– बरमसिया, पो0– बाकुडी, थाना– तीनपहाड़ से प्राप्त आवेदन पत्र एवं प्रस्तुत कागजातों का अवलोकन कर मौजा बरमसिया के प्रधान निमाई मुर्मू के मृत्यू उपरांत आवेदिका चन्दो मरांडी को प्रधानी पद नियुक्ति हेतु 16 आना रैयतो के अनापत्ति के अभाव में अनुशंसा किये है, जो कि पूर्व प्रधान स्व0 निमाई मुर्मू की पत्नी है।

अतएव अंचल अधिकारी, तालझारी के जाँच प्रतिवेदन एवं मौजा के 16 आना रैयतों की अनापत्ति के अभाव में आवेदिका चन्दो मरांडी को पूर्व प्रधान स्व0 निमाई मुर्मू के स्थान पर संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत प्रधान के पद पर नियुक्ति किया जाता है। कबुलियत दाखिल करें। तत्पश्चात पट्टा निर्गत किया जायेगा।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, तालझारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

ज्ञापांक 251/रा0
दिनांक 23.7.19

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

Scanned with CamScanner